## महत्वपूर्ण एवं खास

### सोनियानगर के पीछे रेल्वे लाइन पर मिला अज्ञात पुरूष का शव

रायगढ़। सिटी कोतवाली थानाक्षेत्र अंतर्गत सोनियानगर के पीछे रेल्वे लाइन के समीप एक अज्ञात पुरूष उम्र करीब 60-65 वर्ष का शव पड़ा मिला है। बीते रात कोतवाली पुलिस को शव पड़े होने की सूचना मिली थी। कोतवाली स्टॉफ मौके पर पहुंचकर शव का निरीक्षण किया गया, अज्ञात मृतक लाइनदार शर्ट पहना है। कोतवाली पुलिस द्वारा मृतक की शिनाख्तगी और वारिसान का पता लगाने शव का फोटो कई व्हाट्सअप ग्रुप में शेयर किया गया है जिससे वारिसान थाना कोतवाली में संपर्क कर सकें। अज्ञात शव को मर्चुरी में रखवाया गया है। मृतक के परिजनों की जानकारी नहीं मिलने पर मृत्यु के कारणों का पता लगाने 3 दिनों बाद शव का पोस्ट मार्टम कराया जावेगा।

### शासन की योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु यूनिसेफ उपलब्ध करा रही संचार सामग्री

रायगढ़। शासन की योजनाओं को पहुंच विहीन क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से यूनिसेफ द्वारा छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के 1100 संचार साधन मिडिया उपलब्ध कराये गये है। जिसमें रायगढ़ जिले में आज संचार सामग्री पहुंचायी गयी। जिले के 4 ट्रायबल ब्लॉक हेतु भेजे गए संचार सामग्री में मिनी प्रोजेक्टर-4, ज्यूक बॉक्स-12 एवं मेगा फोन-40 प्रदान किया गया। रायगढ़ में कलेक्टर रानू साहू को यूनिसेफ के जिला सलाहकार शशांक शर्मा ने संचार सामग्री सौंपा। शर्मा ने बताया कि इन संचार सामग्री का उपयोग शासन के सभी विभाग द्वारा किया जा सकता है। ये संचार सामग्री पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध करायेंगे। उन्होंने बताया कि बैटरी चलित इन आधुनिक तकनीक के इन संचार सामग्री का उपयोग सुदूर दूरस्थ अंचलों तक जानकारी पहुंचाने व शासन की योजनाओं के विषय में जागरूकता से संबंधित वीडियो व फिल्म है। साथ ही वीडियो के माध्यम से भी प्रचार-प्रसार कर सकते है, ताकि अंदरूनी क्षेत्रों में मिड मिडिया के माध्यम से सूचना, शिक्षा का व्यापक प्रसार हो सके।

### मेसर्स पल्स गोल्ड रियल स्टेट इंडिया लिमिटेड बिलासपुर निवासी की संपत्ति होगी कुर्क

रायगढ़। न्यायालय नायब तहसीलदार, खरसिया कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता की धारा के अंतर्गत मेसर्स पल्स गोल्ड रियल स्टेट इंडिया लिमिटेड बिलासपुर निवासी पर 11 लाख 40 हजार 2 रुपये की वसूली हेतु कुर्क दिया गया है। यदि इसमें बिक्री के लिए निर्धारित तारीख के पहले शोध्य रकम की अदायगी नहीं कर दिया जाता है तो खाते/खातों का विक्रय तहसील कार्यालय खरसिया में 27 अक्टूबर 2022 को पूर्वान्ह 11 बजे नीलाम कर दिया जाएगा। जिन सामग्रियों को नीलामी हेतु रखा गया है इनमें ग्राम-नौरंगपुर में खसरा नंबर 174, 176, 177 एवं 178 में कुल 168 नग वृक्ष जिनमें परसा, फरहद, चार, तेन्दू, नीम, गस्ती, सेम्हर, बांस, महुआ, सेन्हा, बीजा, बैहरा, धनबहेर, साजा, कुमही, रोहिना, बांस भीरा, केकट, मुढ़ही, खीरसाली, धीरहा शामिल है। जिसकी कुल कीमत 28 लाख 2 हजार रुपये है।

### ब्लड डोनेशन मेगा शिविर आज

रायगढ़। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा के तहत भारतीय डाक विभाग, कार्यालय अधीक्षक रायगढ़ संभाग द्वारा 27 सितम्बर 2022 को प्रात: 10.30 बजे से पंचायती धर्मशाला रेल्वे स्टेशन के पास, रायगढ़ में ब्लड डोनेशन मेगा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अधीक्षक डाकघर सरजीत सरकार ने सभी इच्छुक व्यक्तियों को नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर रक्तदान करने हेतु आग्रह किया है।

### इंदिरा गांधी साम्प्रदायिक एवं सामाजिक सौहार्द्र पुरस्कार योजना के लिए 6 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित

रायगढ़। राज्य शासन द्वारा साम्प्रदायिक एवं सामाजिक सौहार्द के क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने वाले शासकीय सेवकों, व्यक्तियों, अशासकीय संस्थाओं में इंदिरा गांधी साम्प्रदायिक एवं सामाजिक सौहार्द पुरस्कार योजना के अंतर्गत वर्ष 2022 के लिए 6 अक्टूबर 2022 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदक आवेदन पत्र नियत तिथि तक जिला कलेक्टर को आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। शासकीय सेवकों, व्यक्तियों, अशासकीय संस्थाओं जिन्होंने राज्य स्तर पर साम्प्रदायिक सौहार्द बढ़ाने तथा साम्प्रदायिक उपद्रव की रोकथाम के लिए प्रभावी एवं रचनात्मक कार्य किए है, प्रथम पुरस्कार तथा जिन्होंने घटना स्थल या स्थानीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य एवं सेवाओं से साम्प्रदायिक सौहाद्र्र व सदभावना बनाने का कार्य किया हो, द्वितीय पुरस्कार दिया जाएगा। आवेदक अपने आवेदन पत्र के साथ इस क्षेत्र में किए गए कार्यो के प्रमाण सहित पूर्ण ब्यौरा जिले के कलेक्टर को सौंपेगे।

# 18-59 आयुवर्ग को मुफ्त कोविड टीका लगाने के 4 दिन शेष

- गुरूवार को 15 वार्डों में बूस्टर डोज लगाने जाएगी स्वास्थ्य विभाग की टीम
- 33 प्रतिशत लोगों ने लगवाया कोविड टीके का बूस्टर डोज



रायगढ़। कोविड टीकाकरण के मामले में प्रदेश में रायगढ़, रायपुर और बिलासपुर के बाद तीसरे पायदान पर है। अब तक रायपुर में कुल 45.25 लाख, बिलासपुर में 31.40 लाख तो रायगढ़ में 30.81 लाख कोविड टीके के डोज लग चुके हैं।

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 15 जुलाई से 30 सितंबर तक 18 से 59 आयुवर्ग के लोगों को मुफ्त में कोविड टीके का बूस्टर डोज लग रहा है। अब सिर्फ 4 और दिन मुफ्त में डोज लगेंगे। इस मुफ्त टीकाकरण अभियान को बढ़ाने को लेकर फिलहाल कोई दिशा-निर्देश स्वास्थ्य विभाग की टीम को नहीं मिला है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि समय रहते लोग मुफ्त में लग रहे बूस्टर डोज को लगवाएं और खुद को व परिवार को सुरक्षित रखें।

शहरी क्षेत्र में सभी 48 वार्डों में घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दो-दो दफे जाकर लोगों को बूस्टर डोज लगा चुकी हैं। फिर भी कई लोगों को टीका लगाना शेष है ऐसे में आगामी गुरुवार को फिर से टीम उन 15 वार्डों में जाकर बूस्टर डोज़ लगाएगी जहां अपेक्षाकृत कम टीकाकरण हुआ है।

इस सम्बन्ध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएन केशरी ने कहा: "जिले में 2.79 लाख बुजुर्गों को बूस्टर डोज लगना है जिसमें से 89,264 लोगों ने बूस्टर डोज लगवा लिया है। अभी करीब 1.90 लाख बुजुर्गों को बूस्टर डोज लगना बाकी है। इसलिए ऐसे लोगों से अपील है कि वह टीकाकरण केंद्रों में जाकर टीका जरूर लगवाएं। इसके लिए डोर-टू-डोर की सुविधा भी हमने दी है लेकिन लोग केंद्र में लगवाएंगे तो टीकाकरण और शीघ्र होगा। जिन वार्डों या ग्रामों में डोर-टू-डोर के सेशन प्लान हैं वहां के लोगों से अपील है कि लोग पहले से सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए एकत्रित रहें जिससे टीका लगाने वाली टीम ज्यादा लोगों को कवर कर सके।"

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ भानू पटेल ने बताया: "आगामी समय में त्यौहार हैं और कोविड से थोड़ा राहत मिलने के बाद लोगों ने सावधानी बरतना कम कर दिया। कोविड अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है। कोविड टीका आपको कोविड संक्रमण से बचाता है। वर्तमान में 12.21 लाख लक्षित लोगों में से 4.02 लाख लोगों ने कोविड का बूस्टर डोज लगवाया है जो कि 33 प्रतिशत है। बचे समय में लोग स्वस्फूर्त टीकाकरण केंद्रों में जाकर बूस्टर डोज लगवाएं।"

#### मोबाईल वैक्सीनेशन टीम एक कॉल पर हाजिर

स्वास्थ्य विभाग के शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. राकेश वर्मा ने बताया:" शहर के सभी वार्ड में हमारी टीम ने घर-घर जाकर बूस्टर डोज़ लगाया है। सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों और घर-घर बूस्टर डोज लग रहे हैं तो लोग कोताही न बरतें और बूस्टर डोज जरूर लगवाएं। गुरुवार को शहर के 15 वार्डों में घर-घर टीका लगाया जाएगा। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग की मोबाइल वैक्सीनेशन टीम एक कॉल पर लोगों को घर जाकर टीका लगा रही है। इसके लिए एक स्थल पर 10 से अधिक लाभार्थियों को इकट्ठा होना है और शहरी कार्यक्रम प्रबंधक के मोबाइल नंबर 62684-58967 पर कॉल करना होगा। यह सुविधा सुबह 10 से शाम 5 तक और रविवार को छोड़कर उपलब्ध रहेगी।"

#### अवधि बढ़ाने के संबंध में नहीं आए हैं निर्देश: सीएमएचओ डॉ. केशरी

जिले में वर्तमान में 21 के करीब कोविड के मामले सक्रिय हैं। सीएमएचओ डॉ. एसएन केशरी ने कहा " 18-59 आयु वर्ग के लोगों को मुफ्त में टीका 30 सितंबर तक लगाया जाएगा। तिथि को बढ़ाने को लेकर अभी तक कोई दिशा-निर्देश नहीं मिला है। इसलिए लोग अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर टीका अवश्य लगवाएं। साथ ही मौसम में लगातार बदलाव हो रहे हैं। ऐसे में किसी की भी तबीयत खराब हो सकती है लेकिन जिन लोगों में कोविड के लक्षण दिख रहे हैं वह कोताही कतई न बरते। तुरंत अपना कोविड टेस्ट कराएं। जिले के सभी सीएचसी-पीएचसी में कोविड टेस्ट की सुविधा है। रायगढ़ शहरी क्षेत्र में पंजरी प्लाट स्थित निगम ऑडोटोरियम, रामभांठा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, गांधी नगर नगर स्वास्थ्य केंद्र में कोविड टेस्ट हो रहा है।"

## पारादीप से जिंदल कोल साईडिंग पहुंची कोयले की रेक में मिली अज्ञात युवक की लाश

- जुटी जांच में कोतरा रोड पुलिस



रायगढ़। दिनांक 26.09.2022 के सुबह थाना प्रभारी कोतरारोड़ उप निरीक्षक गिरधारी साव को जेएसपीएल पतरापाली के अशोक शर्मा द्वारा कंपनी के कोयला साईडिंग में पारादीप, ओड़िशा से पहुंची कोयले की रेक में अज्ञात पुरूष का शव मिलने की सूचना दिया गया। थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना से अवगत कर अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। जहां कोयला साईडिंग में उपस्थित अशोक शर्मा तथा कंपनी के अन्य अधिकारियों से अज्ञात मृतक के संबंध में जानकारी लेने पर बताये कि दिनांक 22.09.2022 को पारादीप, ओड़िशा से 59 बोगियों वाली ट्रेन में 54 बोगियों में कोयला लोड कर कंपनी को भेजा गया था जो आज दिनांक 26.09.2022 के सुबह करीब 3.30 बजे ट्रिपलर यार्ड JSPL पतरापाली पहुंचकर खाली हो रहा था। ट्रेन की 42 बोगी खाली हो चुके थी 43 बोगी को खाली करते समय कर्मचारियों द्वारा कोयले के बीच दबी एक युवक की लाश देखे और सूचना दिये। शव को बाहर निकालकर शव का निरीक्षण किया गया, मृतक के पास से कोई पहचान पत्र प्राप्त नहीं हुआ है जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। थाना प्रभारी कोतरारोड़ द्वारा पारादीप पुलिस को वैगन में शव मिले जाने की सूचना देकर मृतक के वारिशानों के संबंध में जानकारी प्राप्त किया जा रहा है। शव को जिंदल हास्पीटल के फ्रीजर में रखवाया गया है, परिजनों का पता नहीं मिलने पर मृत्यु के कारणों का पता लगाने 3 दिनों बाद शव का पोस्ट मार्टम कराया जावेगा। घटना के संबंध में अशोक शर्मा के रिपोर्ट पर थाना कोतरारोड़ में मर्ग क्रमांक 59/2022 धारा 174 CrPC दर्ज कर जांच में लिया गया है।

## 65 लीटर चोरी की डीजल के साथ पकड़े गए 5 आरोपी जेल दाखिल

- रोड किनारे खड़े वाहनों से डीजल चोरी करते चक्रधरनगर पुलिस ने पकड़ा था आरोपियों को



रायगढ़। चक्रधरनगर पुलिस द्वारा कांबिंग गस्त दौरान पकड़े गये डीजल चारों को आज जेल वारंट पर जेल दाखिल किया गया है। चक्रधरनगर पेट्रोलिंग पार्टी को मुखबिर से सूचना मिला कि इंदिरा विहार के पास चार-पांच व्यक्ति एक बोलेरो वाहन में डीजल डब्बा, पाइप एवं तेलकूपी रखे हुए हैं तथा रोड में खड़े, डीजल चोरी के नियत से ट्रक, डंफर को ताक-झांक रहे हैं। थाना प्रभारी को सूचना देकर पुलिस की पेट्रोलिंग मौके पर पहुंचकर संदिग्धोंक की गतिविधियों को दूर से देखें, संदेही बोलेरो वाहन में बैठे दिखे। तब पुलिस टीम घेराबंदी कर पांचो संदिग्धों को हिरासत में लिया गया पूछताछ में अपना नाम राहुल कुशवाहा, भंवरलाल, उग्रसेन सेठ, उद्धव राठिया और जनकराम चौहान बताये जिनके वाहन की तलाशी लिए जाने पर वाहन में प्लास्टिक जरकिन में रखा लगभग 65 लीटर डीजल, प्लास्टिक पाइप, तेलकूपी रखा हुआ था, कड़ाई से पूछताछ करने पर डीजल चोरी कर रखना स्वीकार किए जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन सीजी 16 सीएल 6718 एवं 50 लीटर क्षमता वाले चार नग प्लास्टिक के जरकिन में भरा हुआ 65 लीटर डीजल जुमला रु.3,06,500 का जप्त कर आरोपियों को चोरी के डीजल रखने के आरोप में इस्तगासा धारा 41(1+4)CrPC/379,34 IPC के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था, जहां आरोपियों का जेल वारंट जारी होने पर आरोपियों को जेल दाखिल किया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक शनिप रात्रे के नेतृत्व में कार्यवाही में प्रधान आरक्षक हेमप्रकाश सोन, आरक्षक चूड़ामणि गुप्ता, सुशील यादव शामिल थे।

गिरफ्तार आरोपी-

(1) राहुल कुशवाहा पिता गोरख कुशवाहा उम्र 24 साल निवासी स्कूलपारा बैकुंठपुर थाना बैकुंठपुर जिला कोरिया

(2) भंवरलाल सिदार पिता शोभनाथ सिदार उम्र 28 साल ग्राम जांजगीर

(3) उग्रसेन सेठ पिता भगवतिया सेठ उम्र 35 वर्ष ग्राम जांजगीर

(4) उद्धव राठिया पिता धोबाई राठिया उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम जांजगीर थाना तमनार जिला रायगढ़

(5) जनक राम चौहान पिता जेठू राम चौहान उम्र 30 साल निवासी बजरमुडा थाना तमनार

## आरोपी के कब्जे से छुड़ाई गई नाबालिग बालिका : अपहरण, दुष्कर्म व पोस्को एक्ट में महाराष्ट्र के भुसावल से आरोपी गिरफ्तार

- प्रोविजनल डीएसपी की तत्काल कार्यवाई में एक घंटे के भीतर पकड़ा गया आरोपी

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर प्रशिक्षु डीएसपी एवं प्रभारी थाना लैलूंगा सौरभ उईके द्वारा गुम बालिका मामले में अपने व्यवसायिक ज्ञान का बखूबी परिचय दिया गया है, उनके द्वारा बालिका गुम रिपोर्ट पर तत्काल कार्रवाई करते हुए मात्र एक घंटे के भीतर बालिका एवं संदेही का पता लगाया गया और संदेही को आरपीएफ भुसावल के माध्यम से पकड़वाया गया जिसके तत्काल बाद एसपी रायगढ़ के निर्देशन पर पुलिस टीम बालिका एवं संदेही को लेने भुसावल रवाना हुई। भुसावल के बाद जलगांव के बाल समिति पहुंचकर अपहृत बालिका और संदेही को रायगढ़ लाया गया। बालिका का कथन, मुलाहिला आदि की कार्रवाई पश्चात आरोपी द्वारा बालिका को बहला फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित करना पाये जाने पर आरोपी को गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार दिनांक 20.09.2022 को 17 वर्षीय बालिका के परिजन थाना लैलूंगा पहुंचकर डीएसपी (प्रशिक्षु) सौरभ उईके को उनकी लड़की के दिनांक 19/09/2022 के सुबह उडद उखाडने खेत जाना और वापस नहीं आना बताये। गुम नाबालिग मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए परिजनों के रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 276/2022 धारा 363 IPC का अपराध कायम किया गया।

प्रोविजनल डीएसपी सौरभ उईके अपराध कायमी के तत्काल बाद परिजनों के साथ उनके गांव तस्दीक के लिये गये। गुम बालिका के परिजनों, सहेलियों तथा आसपास रहने वालों से पूछताछ किये जिसमें जानकारी मिला कि नजदीकी गांव कुकरगांव के कंप्युटर सेंटर में रामजीत नागवंशी नाम का युवक दिनांक 12.09.2022 को ऑनलाइन रेलवे टिकट रायगढ़ से लोकमान्य तिलक के लिए अपने और बालिका के नाम से टिकट रिजर्वेशन कराया है। दिनांक 19.09.2022 का टिकट रिजर्वेशन था। प्रोविजनल डीएसपी सौरभ उईके सूझबूझ का परिचय देते हुए ट्रेन का लाइव स्टेट्स पता किये जिसके अगले स्टेशन भुसावल पहुंचने की जानकारी मिला, तत्काल डीएसपी सौरभ उईके आरपीएफ भुसावल (महाराष्ट्र) को सूचना दिये, जिनके द्वारा भुसावल रेल्वे स्टेशन पर बालिका और रामजीत नागवंशी को उतारा गया, जिसके बाद लैलूंगा पुलिस की टीम भुसावल पहुंची। आरपीएफ भुसावल द्वारा बालिका को बाल समिति जलगांव के सुपुर्द किया गया था। लैलूंगा पुलिस टीम संदेही रामजीत नागवंशी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जिसके बाद औपचारिकताएं पूर्ण कर आरोपी रामजीत नागवंशी के कब्जे से बालिका को बरामद कर रायगढ़ लाया गया।

पीड़ित बालिका बताई की वर्ष 2021 से आरोपी रामजीत नागवंशी पिता जीयतराम नागवंशी 22 साल निवासी कुकरगांव, थाना बागबहार जिला जशपुर से जान पहचान हुआ। आरोपी शादी कर पत्नी बनाकर रखूंगा कहकर वर्ष 2021 अक्टूबर माह में शारीरिक संबंध स्थापित किया तथा उसके बाद से लगातार शारीरिक संबंध बनाता था। दिनांक 19.09.2022 को बहला-फुसलाकर ले गया था। आरोपी से रेल्वे टिकट जप्त कर प्रकरण में धारा 366-क,376 भादवि एवं 4, 6 पॉक्सो एक्ट विस्तारित कर आरोपी को गिरफ्तार कर आज रिमांड पर भेजा गया है। प्रोविजनल डीएसपी सौरभ उईके, थाना प्रभारी लैलूंगा के नेतृत्व में बालिका पतासाजी, आरोपी गिरफ्तारी कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक चंदन नेताम, प्रधान आरक्षक सुमेश गोस्वामी, आरक्षक जोन टोप्पो, महिला आरक्षक पूनम साहू की अहम भूमिका रही है।

## कारीगडाई जंगल में धरमजयगढ़ पुलिस की जुआ रेड, 3 जुआरी गिरफ्तार



रायगढ़। दिनांक 25.09.2022 को धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर ग्राम कारीगडाई जंगल में जुआ रेड कार्रवाई किया गया। मौके पर पुलिस टीम द्वारा 3 जुआडियान को 52 पत्ते ताश से जुआ खेलते पकड़ा गया है, कुछ जुआरी जंगल में अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गये। मौके पर जुआडियान 01. अशोक गुप्ता पिता बोनो राम उम्र 33 साल निवासी दर्रीडीह 2. गौतम भडाली पिता गौर भडाली उम्र 33 साल निवासी दुर्गापुर 3. राम सरदार पिता प्राण सरदार उम्र 38 साल निवासी दुर्गापुर कालोनी के फड एवं पास से जुमला रकम 2030 रूपये, 52 पत्ती तास व एक प्लास्टिक तिरपाल जप्त किया गया है। थाना धरमजयगढ़ में आरोपियों पर धारा 13 जुआ एक्ट की कार्रवाई की गई है।

# जेम पोर्टल पर छत्तीसगढ़ के 67-हजार विक्रेता पंजीकृत

- रायपुर में हुआ गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस विक्रेता संवाद
- विक्रेताओं को खरीदारों से मिले 678 करोड़ मूल्य का ऑर्डर



रायपुर (आरएनएस)। भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अधीन कार्य करने वाले गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस (GEM) और पत्र सूचना कार्यालय , रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में आज, 26 सितम्बर, 2022 (सोमवार) को सिविल लाइन्स, रायपुर स्थित न्यू सर्किट हाऊस के सभाकक्ष में दोपहर 12.30 बजे से गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस (GEM) विक्रेता संवाद सह पत्रकार-वार्ता का आयोजन किया गया।

पत्रकार-वार्ता को संबोधित करते हुए गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस, नई दिल्ली के निदेशक, आयुष अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ के GEM पोर्टल पर 67 हजार से अधिक विक्रेता पंजीकृत हैं। GEM पर, राज्य के विभिन्न हिस्सों से जीवन के सभी क्षेत्रों के विक्रेता हैं, जिनमें महिला उद्यमी, रूस्थ, कारीगर, स्वयं सहायता समूह और स्टार्टअप शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ से 9 हजार से अधिक एमएसई फर्म हैं जो जीईएम पर पंजीकृत हैं। इन 9 हजार एमएसई फर्मों में से एक हजार से अधिक फर्म महिला एमएसई से संबंधित हैं और लगभग 460 एमएसई फर्म एससी/एसटी वर्ग से संबंधित हैं।

अग्रवाल ने बताया कि GEM की स्थापना के बाद से, छत्तीसगढ़ में रूस्थ फर्मों को GEM पर पंजीकृत खरीदारों से कुल 678 करोड़ का ऑर्डर मूल्य प्राप्त हुआ है। दिलचस्प बात यह है कि इनमें से 94त्न से अधिक ऑर्डर छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर के खरीदारों द्वारा दिए गए हैं।

आयुष अग्रवाल ने बताया कि गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस (GEM), देश का नेशनल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल, वस्तुओं और सेवाओं की खरीद के लिए एंड-टू-एंड ऑनलाइन मार्केटप्लेस है। इसे 9 अगस्त, 2016 को प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के हिस्से के रूप में लॉन्च किया गया था।

पत्रकार-वार्ता को संबोधित करते हुए गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस के व्यवसाय सलाहकार, अमित उपाध्याय ने बताया कि GEM के खरीदार आधार में सभी केंद्र और राज्य सरकार के विभाग, सहकारी समितियां, केंद्रीय और राज्य स्वायत्त निकाय, केंद्रीय और राज्य सार्वजनिक उपक्रम और स्थानीय निकाय शामिल हैं। गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस (GEM) विक्रेता संवाद का उद्देश्य GEM विक्रेताओं के साथ बातचीत करने और उन्हें नई GEM सुविधाओं और कार्यात्मकताओं के बारे में जागरूक करने के साथ ही साथ संवाद के माध्यम से विक्रेताओं को अपने अनुभव साझा करने के लिए एक मंच देना है।

इस अवसर पर पत्र सूचना कार्यालय, रायपुर के निदेशक कृपा शंकर यादव ने बताया कि सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के खरीदारी के तरीके में आमूल-चूल परिवर्तन लाने के उद्देय से गनर्वनमेंट ई मार्केट की स्थापना की गयी थी। GEM कॉन्टैक्टलेस, पेपरलेस और कैशलेस है और तीन स्तंभों दक्षता, पारदर्शिता और समावेशिता पर खड़ा है।

पत्र सूचना कार्यालय, रायपुर के उपनिदेशक, सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि वर्ष 2021-2022 में एक ही वित्तीय वर्ष में GEM ने खरीद मूल्य के एक लाख करोड़ रुपये के मील के पत्थर को पार कर लिया है। कुल मिलाकर, GEM ने 3.02 लाख करोड़ रूपये से अधिक मूल्य के लेनदेन की सुविधा प्रदान की है। यह पूरे देश में खरीदारों और विक्रेताओं सहित सभी हितधारकों के समर्थन से ही संभव हुआ है। इस अवसर पर जेम में पंजीकृत विक्रेताओं के लिए खुला मंच का आयोजन किया गया, जिसमें विक्रताओं ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर एमएसई पंजीकृत विक्रेता मेसर्स प्राइड 36 के मालिक ताहिर हुसैन ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2017 में GEM के माध्यम से अपना व्यवसाय शुरू किया और वर्तमान में उनका कारोबार 3 करोड़ से अधिक है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि GEM के साथ, वह अब न केवल छत्तीसगढ़ में बल्कि पूरे देश से व्यवसाय प्राप्त करने में सक्षम हैं। अपने अनुभव साझा करते हुए भिलाई के उद्यमी, अभिषेक अंबासला ने बताया कि GEM ने अन्य राज्यों में खरीद और विक्रय की बाधाओं को तोडऩे में मदद की। उन्होंने बतया कि GEM पर उनका कारोबार 20 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480